कार्यालय जिला एवं सैशन न्यायाधीश, दौसा जिला दौसा

क्रमांक / स्था0 / 2026 / 256 दिनांक– 27.10.2026

कार्यालय आदेश

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पत्रांक Gen./XII/01/1995/SC-I/2541 दिनांक 27.10.2026 के अनुसरण में, राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा घोषित पंचायती राज संस्थाओं के जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य व पंच / सरपंच के आम चुनाव, 2026 के चुनाव कार्यक्रम अनुसार, दिनांक 28.10.2026 व 30.10.2026 को पंचायत समिति बसवा व इसमें आने वाली ग्राम पंचायतों में मतदान नियत होने से, उक्त निर्वाचन क्षेत्र में स्थित बांदीकुई मुख्यालय पर स्थित समस्त न्यायालयों में उक्त मतदान दिवसों, दिनांक 28.10.2026 (बुधवार) व 30.10.2026 (शुक्रवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

27/10/2026

(केशव कौशिक)
जिला एवं सैशन न्यायाधीश
दौसा जिला दौसा

क्रमांक : 8537 दिनांक– 27.10.2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. श्रीमान रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर
2. अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 1 व 2 बांदीकुई / सिकराय
3. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, दौसा
4. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांदीकुई / सिकराय
5. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांदीकुई / सिकराय
6. अपर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांदीकुई
7. पुलिस अधीक्षक, दौसा
8. अधीक्षक, जिला जेल, दौसा / उप अधीक्षक, उप–कारागृह बांदीकुई
9. अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, बांदीकुई
10. सिस्टम ऑफिसर, दौसा विभाग की बैवसाइट पर अपलोड़ किये जाने हेतु
11. नोटिस बोर्ड, जिला न्यायालय, दौसा
12. आदेश / संबंधित पत्रावली

27/10/2026

(केशव कौशिक)
जिला एवं सैशन न्यायाधीश
दौसा जिला दौसा